फा.सं. 1704813/1/2022-मा. (समन्वय) (ई-21449)
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग,
ग्राउंड फ्लोर, 36, जनपथ, नई दिल्ली
दिनांक 11 अगस्त, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः **मत्स्यपालन विभाग द्वारा जुलाई, 2023 माह के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और जुलाई, 2023 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल समिति/समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्तः संलग्नक

आन्सी
(डॉ. एंमी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थः श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपिः**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में जुलाई, 2023 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां**

1. माननीय केंद्रीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, श्री परशोत्तम रूपाला ने 03 जुलाई, 2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली में पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन के क्षेत्रों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। ऑस्ट्रेलिया सरकार के माननीय कृषि, मत्स्यपालन और वानिकी मंत्री, श्री मुररे वाट्ट ने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

2. माननीय केंद्रीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, श्री परशोत्तम रूपाला ने 19 जुलाई, 2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली में नेपाल के साथ पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन से संबंधित द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। नेपाल सरकार के माननीय कृषि मंत्री श्री बेदुराम भुसाल ने नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

3. माननीय केंद्रीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, श्री परशोत्तम रूपाला ने 27 जुलाई, 2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली में भारत और यूरोपीय संघ के बीच मत्स्यपालन से संबंधित द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। यूरोपीय आयुक्त पर्यावरण, महासागर और मत्स्यपालन एच.ई. श्री वर्जिनिजस सिंकेविसियस ने यूरोपीय संघ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी शामिल हुए।

4. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार ने भारतीय मात्स्यिकी क्षेत्र की उपलब्धियों को मनाने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया। इस दिन, विभाग ने 10 और 11 जुलाई, 2023 को तमिलनाडु के महाबलीपुरम में पहला 'द फिशरीज समर मीट-2023' और 'फिशरीज स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव' भी आयोजित किया। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री और माननीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, ने क्षेत्र की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए मुख्य भाषण दिए और मात्स्यिकी क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, सर्वोत्तम प्रथाओं और उभरते अवसरों पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। देश भर की राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के मत्स्यपालन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और कार्यान्वयन के मुद्दों को साझा किया और मत्स्यपालन क्षेत्र की भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की। इच्छुक उद्यमियों और संबंधित हितधारकों के बीच नवीन विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक 'स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव' भी आयोजित किया गया था। लगभग 50 फिशरीज़ स्टार्ट-अप ने अपने नवीन विचारों, उत्पादों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। 138 करोड़ रूपये के कुल परिव्यय के साथ दोनों केंद्र प्रायोजित योजना और केंद्रीय क्षेत्र योजना (लाभार्थी उन्मुख, गैर-लाभार्थी उन्मुख) से 176 मात्स्यिकी परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इसके बाद उद्घाटन स्थलों पर मछुआरों/मछुआरा महिलाओं के साथ बातचीत हुई। पूरे देश में मात्स्यिकी हितधारकों तक पहुंचने के लिए पूरे कार्यक्रम को लाइव स्ट्रीम किया गया था।

5. छह राज्यों अर्थात् अरुणाचल प्रदेश, पंजाब, कर्नाटक, केरल, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लिए 525.21 करोड़ रूपये के कुल परिव्यय से राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की वार्षिक कार्य योजना 2023-24 के परियोजना प्रस्तावों के

मूल्यांकन और आकलन के लिए 07 जुलाई 2023 को 48वीं परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएमी) की एक बैठक आयोजित की गई थी।

6. विभाग ने 18 जुलाई, 2023 को सभी समुद्री राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ आर्टिफिशियल रीफ़्स के निर्माण पर एक बैठक आयोजित की। उनकी निगरानी और कार्यान्वयन के लिए समय-सीमा तय की गई।

7. विभाग ने 24 जुलाई, 2023 को केंद्रशासित प्रदेशों के लिए केंद्रीय अनुमोदन और निगरानी समिति (सीएएमसी) की तीसरी बैठक आयोजित की। योजनाओं की संतृप्ति के लिए समय-सीमा तय की गई।

8. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 18 जुलाई 2023 को नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट फ़ंड स्कीम को जारी रखने के लिए व्यय वित्त समिति (ईएफसी) ज्ञापन के प्रस्ताव के संबंध में वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (पीएफ-राज्य) की अध्यक्षता में एक बैठक में भाग लिया।

9. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 26 जुलाई, 2023 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) कन्वेंशन सेंटर में आयोजित "लोकार्पण" के संबंध में बैठक में भाग लिया।

10. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 31 जुलाई, 2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली में खाद्य और पोषण सुरक्षा पर सचिवों के क्षेत्रीय समूह/सेक्टरल ग्रुप ऑफ सेक्रेटेरीस (एसजीओएस) की बैठक में भाग लिया।

11. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 06 जुलाई, 2023 को वाणिज्य भवन नई दिल्ली में अतिरिक्त सचिव (टीएनएम) के साथ मात्स्यिकी सब्सिडी पर समझौते पर कार्य समूह की बैठक में भाग लिया।

12. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 09-12 जुलाई, 2023 के दौरान रोम, इटली में खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) में वित्त समिति की सदस्यता के लिए चुनाव में भाग लिया।

13. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 13 जुलाई, 2023 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में वाणिज्य सचिव की अध्यक्षता में मत्स्य पालन सब्सिडी पर समझौते के तहत चल रही बातचीत के लिए भारत द्वारा किए जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा के लिए एक बैठक में भाग लिया।

14. निदेशक, मत्स्यपालन विभाग और वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण ने 03 से 07 जुलाई, 2023 के दौरान रानेनाला एटीट्यूड होटल, टर्टल बे, बालाक्लावा, मॉरीशस में आयोजित दक्षिणी हिंद महासागर मात्स्यिकी समझौते (एसआईओएफए) की 10वीं सदस्य बैठक में भाग लिया।

15. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने जुलाई, 2023 के दौरान क्रमशः 48,050 और 12,88,218 व्यक्तियों को कवर करते हुए 46 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियाँ और 304 आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित कीं।

16. तटीय जल कृषि प्राधिकरण (सीएए) ने 159 आवेदनों पर कार्रवाई की, जिसमें ओडिशा, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश से प्राप्त फार्मों के पंजीकरण और नवीनीकरण के लिए 99 आवेदन और एंटीबायोटिक फ्री एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 60 आवेदन शामिल हैं।

17. केन्द्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती इंजीनियरी संस्थान/सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्टल इंजीनियरिंग फॉर फिशरी (सीआईसीईएफ) ने माननीय विदेश और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री के साथ हाल ही में हुई दुखद मत्स्यन नाव दुर्घटना की जांच करने के लिए 17 जुलाई, 2023 को मुथलपोझी मत्स्यन बंदरगाह (केरल) का दौरा किया और स्थानीय मछुआरों से बातचीत की।

18. केन्द्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान/सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सिफनेट) ने 54 मछुआरों के लिए इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

19. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के दो मत्स्यन जहाजों ने भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के अंदर और आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम संचालित किए।

20. राष्ट्रीय मात्स्यिकी पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी तथा प्रशिक्षण संस्थान/नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग (निफेट) ने माह के दौरान 812 प्रशिक्षु दिनों में 169 समुद्री मछुआरे महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट-हार्वेस्ट पर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

21. मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायत निपटान 31 जुलाई, 2023 तक 97% था।

***